मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 344/2025
22 जनवरी 2025
रांची

====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर का किया निरीक्षण, कार्य प्रगति की ली जानकारी, दिए कई निर्देश

===================

◆ मुख्यमंत्री ने परिसर में विधायक गणों के लिए बन रहे आवास, हेल्थ सेंटर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिल्ड्रन पार्क समेत अन्य निर्माण कार्यों को देखा, कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

===================

◆ मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में योजनाबद्ध तरीके से प्लांटेशन करने का भी दिया निर्देश

===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां विधायक गणों के लिए बन रहे आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिल्ड्रन पार्क, प्ले ग्राउंड, बिजली, पानी और सड़क, व्हीकल पार्किंग सिवरेज- ड्रेनेज सिस्टम समेत अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि जल्द से जल्द इसके हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कर विधायक गणों को ये आवास अलॉट किया जा सके। इस दौरान निर्माण कार्य कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इस वर्ष जून माह तक सभी निर्माण कार्य पूरा हो जाने की बात कही।

व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त होगा विधायक आवास

मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर प्लांटेशन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिए आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया गया है। लेकिन, विधायक आवासीय परिसर के निर्माण होने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा।

मुख्यमंत्री के विधायक आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

###

=================

TeamPRD(CMO)